Register Number | | | | | |

Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 × 5 = 5

1) निज कर क्रिया रहीम कहि, सिधि भावी के हाथ ।
पाँसे अपने हाथ में, दाँव न अपने हाथ ॥

2) रोग जानि रोग कारण जानि फिर करहु देहु निवारण जानि ॥

II. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

3) निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल ।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल ॥

4) कलम, आज उनकी जय बोल ।
जो अगणित लघु दीप हमारे,
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलकर बुझ गए किसी दिन
मांगा नहीं स्नेह मुँह खोल ।

5) द्वीप हैं हम ।
यह नहीं है शाप । यह अपनी नियति है ।
हम नदी के पुत्र हैं । बैठे नदी के क्रोड में
वह बृहद भूखंड से हम को मिलाती है ।
और वह भूखंड
अपना पितर है ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्य का सारांश लिखिए : 1 × 15 = 15

6) राम-सुग्रीव मैत्री

7) तोड़ती पत्थर

8) पहिये ।

[Turn over

IV. पद्य लेखन : 1 × 10 = 1

9) कबीरदास के कोई तीन दोहे लिखिए ।

अथवा

10) भारत-गीत कविता का प्रथम अनुच्छेद लिखिए ।

V. 11) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 =

अ) चौपाई

आ) रोला

इ) सोरठा ।

12) निम्नलिखित में से किसी **एक** का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 =

अ) यमक

आ) उपमा

इ) रूपक ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 1

13) ज्यों-ज्यों मैं गाँव के निकट जाता था, मेरे पग शीघ्र-शीघ्र उठते थे और हृदय में अकथनीय आनंद व स्रोत उमड़ रहा था ।

14) मैं हृदय की शक्ति को नहीं जानता देव ! पर संगीत की शक्ति को अवश्य जानता हूँ , मैं अभी उसव प्रबन्ध करता हूँ ।

15) भविष्य में यह भी संभव हो सकता है कि हम अन्तरिक्ष में एक मकान बना सकें । तब हम कभी वह रहेंगे और कभी पृथ्वी पर । कितना मजा आएगा ? आएगा न ?

16) अपनी प्राचीनता तथा साहित्यिक गरिमा के लिए यदि कोई भारतीय भाषा संस्कृत के साथ समस्थान पा की अधिकारिणी हो सकती है तो वह तमिल ही है ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4 × 3 = 1

17) भारत लौटने का विचार प्रेमचन्द के मन में कब और क्यों उठा ?

18) बनारस की क्या विशेषताएँ हैं ?

19) सम्राट अशोक के बारे में आप क्या जानते हैं ?

20) नीलकंठ की मृत्यु के बाद राधा की स्थिति कैसी थी ?

21) कृत्रिम उपग्रह किसे कहते हैं ?

22) तमिल के पंच महाकाव्यों के नाम लिखिए ।

23) पानी के प्रदूषण को रोकने के लिए हमें क्या करनी चाहिए ?

VIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठ का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

24) बनारसी एक्का

25) नीलकंठ मोर

26) कृत्रिम उपग्रह ।

IX. 27) निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5 × 1 = 5

'क'	'ख'
अ) राधागुप्त	i) नीलकंठ
आ) गंगा वारि मनोहारी	ii) वलयापति
इ) नारायण चेट्टि	iii) प्रसिद्ध वैज्ञानिक
ई) राधा	iv) अशोक
उ) आर्यभट्ट	v) विजयकुमार दुबे ।

X. 28) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4 × 2 = 8

अ) परित्याग करना

आ) तन्मय होना

इ) नजर आना

ई) पानी-पानी होना

उ) भेंट करना

ऊ) अनोखा

ऋ) स्वीकार करना

ए) आयोजन करना ।